File No. 31-1099/5/2021....Part (2)

1/2023/324/31-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग **लखनऊ: दिनांक 26 जून, 2023**

विषय: विभाग की लोककल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा हेतु जनपदों का भ्रमण।

महोदय,

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनशिकायतों के निस्तारण एवं लोककल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई तथा समीक्षा के दौरान जनसमस्याओं और जनशिकायतों का मेरिट आधारित त्वरित सामाधान न होने पर चिन्ता प्रकट करते हुए अपेक्षा की गयी कि समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिवगण द्वारा जनपदों का भ्रमण कर जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव जनपदों का भ्रमण कर जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों का प्रभावी निस्तारण करायें तथा अपने विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर समय से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

3- उपरोक्त के दृष्टिगत निम्नवत कार्यवाही अपेक्षित है:

1. सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव आगामी 02-03 माह में सभी मण्डलों का भ्रमण पूर्ण किया जाए।
2. जनपद भ्रमण के दौरान विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शिथिलता बरतने वाले एवं कर्तव्यविमुख अधिकारियों/ कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए।
3. अधिकारीगण विभागीय योजनाओं के अतिरिक्त शासन की सर्वोच्च प्रथामिकता वाली निर्माणाधीन परियोजनाएं यथा अटल आवासीय विद्यालय, मेडिल कॉलेज, सिंचाई परियोजनाएं, 765/400/200/131के0वी0 उपकेन्द्र आदि की समीक्षा की जाए एवं परियोजनाओं को पूर्ण करने की समयबद्धता पर अवश्य ध्यान दिया जाए।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4. जनपद भ्रमण के दौरान लम्बित शिकायतों का मेरिट आधारित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। जहाँ गड़बड़ी पायी जाती है, वहाँ उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही करायी जाये।
5. जनपद भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यालय का निरीक्षण किया जाये एवं यह सुनिश्चित करें कि फील्ड में तैनात विभागीय अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई अवश्य करें।
6. फील्ड स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों को मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक कर आम जनता को लाभ पहुँचाएं।
7. अधिकारियों के जनपद भ्रमण के दौरान प्रवास, वाहन, सुरक्षा एवं वांछित लिपिकीय सहयोग आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित करायी जाएंगी।
8. जनपद भ्रमण के पश्चात सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे तथा उसकी प्रति कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग को भी उपलब्ध कराएंगे।

4- कृपया उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव।

संख्या/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ0प्र0।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4. समाज कल्याण आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
7. समस्त मण्डलायुक्त/पुलिस उपमहानिरीक्षक (परिक्षेत्र), उ0प्र0।
8. पुलिस आयुक्त, लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0।
9. समसत जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, मा0 मंत्री, मा0 राज्यमत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मा0 राज्यमंत्री, उ0प्र0।
2. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।